बस एक लौटा जल सारी समस्या का हल | by Santosh Bhargav

बस एक लोटा जल सारी समस्या का हल
मेरे भोले जी को भाये बस एक लोटा जल

देवों में देव मेरे भोले निराले
रावण को सोने की लंका दे डाले
नहीं सोचे एक पल, फ़ौरन दे देते हैं फल
सारी समस्या का हल बस एक लौटा जल

सावन महीना कोई कावड़ ले जाये
भांग धतूरा गांजा चिलम चढ़ाये
मन में छल, शिव पे जल, कैसे निकलेगा हल
सारी समस्या का हल बस एक लौटा जल

ज्ञाता ना कोई गणेश जैसा
बलशाली ना कोई हनुमान जैसा
संस्कारी ना प्रभु श्री राम जैसा
चक्रधारी ना कोई घनश्याम जैसा
और दानी ना कोई बाबा श्याम जैसा
जटाधारी ना कोई शिव समान जैसा
चंद्र धारी ना कोई महादेव जैसा
गंगधारी ना कोई महादेव जैसा
सर्पधारी ना कोई महादेव जैसा
डमरुधारी ना कोई महादेव जैसा
भस्मधारी ना कोई महाकाल जैसा
भोले भंडारी ना कोई महादेव जैसा
चल रे चल दीवाने चल उज्जैन नगरिया चल
सारी समस्या का हल बस एक लौटा जल

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%b8-%e0%a4%8f%e0%a4%95-%e0%a4%b2%e0%a5%8c%e0%a4%9f%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%b2-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%ae%e0%a4%b8%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95/